PUBLICATION NAME :	Samachar Nirdesh
EDITION :	Delhi
DATE :	03/09/2022
PAGE:	05

कॉरपोरेट जगत से मिलकर ईडीआईआई महिलाओं को बनाएगा स्वावलंबन

नई दिल्ली। सेंटर फॉर एक्सीलेंस इंटरपेन्योशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ,भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था जो गुजरात में के अलावा देश के कई राज्यों में महिलाओं को स्वावलंबी,रोजगार परक,घरेलूउद्यमी,बनाने के लिए कार्य कर रही है। ईडीआईआई ने अपने नएं प्रोजेक्ट में 10,000हरित कारोबारों को खड़ा करने के लिए कॉरपोरेट सेक्टर की कई कंपनियों के साथ साझेदारी की।दिल्ली में एक वार्ता में संस्था के निदेशक जनरल डा सुनील शुक्ला ने बताया कि ई आई आई डी हर वर्ग की महिलाओं को जो कारीगरों,बुनकरों, कड़ाई बुनाई ,और छोटी छोटी उद्यमी महिलाओं के स्टार्टअप और बेरोजगारों को कौशल विकास के प्रशिक्षण की सफलतापूर्वक पेशकश कर रह है।वही उनकी आजीविका के विकल्प भी बन सकते हैं।

डा रमन गुजराल ,निदेशक प्रोजेक्ट विभाग (कॉरपोरेट) संस्था ने पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले उद्योगों को बड़ावा न देते हुए उन्हें ग्रीनवेल्यू नेशन उद्योगों, ऑर्गेनिक खेती, कारोबारी सस्टेनेबल, हाई एंड वैल्यू एडेड प्रोडेक्ट्स और सर्विसेज की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि हमे ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है कि आर्थिक विकास के लिए हरित कारोबारों को बड़ावा देने और पर्यावरण को बचाने के लिए किन रणनीतियों को विकसित किया जा सकता है।गुजराल ने बताया की इसी दिशा में हमने ग्रामीण और शहरी दोनों में नए नवाचारियो और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को अपनाने की जरूरत है।

ई आई आई डी और कॉरपोरेट घरानों के लगभग सैकड़ों कंपनियों, बैंको सरकारी गैर सरकारी सस्थाओ के सहयोग से उन्हें ऑनलाइन, और सामाजिक प्लेटफार्मो पर खरीदारों के साथ बेचने और जुड़ने के लिए डिजिटल प्रशिक्षण प्रदान किया है।